आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

पीएम मोदी- केरल दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल के कोच्चि में 10 हजार 800 करोड़ रुपये की लागत वाली अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

शाम को प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली का दौरा करेंगे और विभिनन परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे लगभग 5 हजार 650 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री का तमिलनाडु में एनडीए द्वारा आयोजित एक रैली को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है।

बजट सत्र

बजट सत्र के दूसरे चरण का आज तीसरा दिन है। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने अमेरिका-इजराइल और ईरान की जंग से भारत पर पड़ने वाले असर और पेट्रोल-गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर चर्चा की मांग की। इसके कारण कार्यवाही को 12 बजे तक स्थगित करना पड़ा। इसके बाद कार्यवाही शुरू हुई तो बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत पूरे विपक्ष पर निशाना साधा। वहीं आज स्पीकर ओम बिरला को हटाने के लिए विपक्ष के लाए अविश्वास प्रस्ताव पर भी चर्चा हो रही है। इसके लिए कुल 10 घंटे तय किए गए हैं, जिनमें से कल करीब 7 घंटे बहस हो चुकी है।

राष्ट्रपति- जल महोत्सव

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज दिल्ली में जल महोत्सव में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि पानी बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसे किसी अनमोल खजाने की तरह संभालना होगा। इस मौके पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने भोपाल जिले के गांव मुगलियाहाट के सरपंच धर्मेंद्र मारन को नल जल योजना में बेहतरीन काम के लिए सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री - सागर दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सागर जिले में ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल gksaxs। इसके अलावा डॉ. यादव ने दमोह के हटा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में शिरकत djsaxs। मुख्यमंत्री ;gka 405 करोड़ रुपये से ज्यादा के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण djsaxs।

संभाजी महाराज बलिदान दिवस

आज छत्रपति संभाजी महाराज का बलिदान दिवस है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए संभाजी महाराज को मराठा गौरव और राष्ट्र का वीर सपूत बताया। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले इस महान योद्धा का शौर्य और पराक्रम हमेशा देशवासियों को गौरवान्वित करता रहेगा।

समाधान योजना

प्रदेश सरकार us समाधान योजना की डेडलाइन 28 फरवरी से बढ़ाकर 31 मार्च 2026 कर दी गई है। अब तक 22 लाख 14 हजार बिजली उपभोक्ता इस योजना का फायदा उठा चुके हैं और 392 करोड़ 28 लाख रुपये का सरचार्ज माफ किया जा चुका है।

कृषि मेला

जबलपुर में आज पुलिस लाइन के हॉकी ग्राउंड में कृषि मेला और श्री अन्न फूड फेस्टिवल शुरू हो गया है, जो 13 मार्च तक चलेगा। इस मेले में किसानों को आधुनिक खेती के तरीके, नए कृषि यंत्र और जैविक खेती की जानकारी दी जाएगी।

कच्चे तेल के दाम

अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद आसमान छूने वाले कच्चे तेल के दामों में आज गिरावट दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड 86.93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

मौसम

अब बात मौसम की। प्रदेश में मार्च की शुरुआत में ही कई जिलों में तापमान 38-39 डिग्री पहुंच गया है, जो सामान्य से 4-6 डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान के रेगिस्तान से आ रही गर्म और सूखी हवाएं इसकी बड़ी वजह हैं। ग्वालियर-चंबल में तो पारा सामान्य से 6 डिग्री ऊपर चला गया है, वहीं भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी गर्मी का असर साफ दिख रहा है। मौसम विभाग के अनुसार कई इलाकों में तापमान 40 डिग्री के पार जा सकता है।

समाचार संक्षेप में :-

- केंद्रीय कैबिनेट ने कल 3 हजार 839 करोड़ रुपये की लागत से बदनावर-पेटलावद-थांदला-तिमरवानी फोर-लेन कॉरिडोर को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इसे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है।
- आगरमालवा मंडी परिसर में लगे विशेष शिविर में श्रमिकों को पीएम श्रम योगी मानधन योजना और ई-श्रम कार्ड योजना का लाभ दिलाया गया।
- बुरहानपुर के कलेक्टर ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए।
- प्रदेश के पर्यटन स्थलों को देश-दुनिया में प्रचारित करने निकली 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के बाइकर्स ने ग्वालियर किला और मितावली-पढ़ावली के पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण किया।
- शहडोल में अमृत 2.0 योजना के तहत शहर में 7 लाख लीटर क्षमता वाली पांच पानी टंकियां बनाई जा रही हैं।
- पन्ना में बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए कल श्रम विभाग की रैली निकाली जाएगी।
- प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए फ्री HPV टीकाकरण अभियान ds rgr 14 से 15 साल की किशोरियों को सरकारी अस्पतालों में यह टीका मुफ्त लगाया जा रहा है।
- भारत 22 साल बाद किसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। दिल्ली को 2027 में एशिया कप के दूसरे चरण की मेजबानी सौंपी गई है।